Need to sanction a sports training centre in Satna Parliamentary Constituency.-laid

श्री गणेश सिंह (सतना): दुनिया के खेल जगत में भारत के खिलाड़ी बहुत तेजगति से आगे बढ़ रहे   हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के खेलो इंडिया खेलो का जो कार्यक्रम है, उसके अन्तर्गत खिलाड़ियों को प्रशिक्षण करके उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलो के लिये तैयार किया जा रहा है। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र सतना में सबसे पहले विभिन्न खेलों की सांसद ट्राफी का आयोजन वर्ष 2011 से लगातार कर रहा हूँ। मेरा शहर सतना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में है। साथ ही 35 करोड़ रूपये की लागत से मल्टी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बन रहा है। दादा सुखेन्द्र स्टेडियम का 8 करोड़ रूपये की लागत से उसका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। धवारी क्रिकेट स्टेडियम को भी 6 करोड़ रूपये की लागत से नई सुविधा के रूप में विकसित किया जा रहा है। लगातार मेरी मांग सतना में साई प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की है, लेकिन आज तक नहीं मिला। खेलो इंडिया खेलो के तहत बैडमिन्टन का प्रशिक्षण मिला है। लेकिन फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीवॉल, कबड्डी जैसे कई ओलम्पिक गेम्स हैं, जो बड़ी मात्रा में हमारे यहाँ खेले जाते हैं। इनमें से किसी खेल का प्रशिक्षण केन्द्र सतना में दिया जाए।